भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2359

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

वन स्टॉप सेंटरों का संचालन

2359. श्रीमती बाग मिताली:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्वीकृत/संचालित वन स्टॉप सेंटरों (ओएससी) की संख्या कितनी है;

(ख) ओएससी की स्थापना से लेकर अब तक वर्षवार आवंटित/जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सभी ओएससी महिला हेल्पलाइन के साथ एकीकृत हैं, यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) अन्य देशों में प्रस्तावित/स्थापित ओएससी की देशवार स्थिति क्या है और उनके पते क्या हैं; और

(ड.) अन्य देशों में स्थित ओएससी के लिए आवंटित की गई और जारी की गई निधि कितनी है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ग): वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) व्यापक मिशन शक्ति के अंतर्गत संबल वर्टिकल का एक घटक है। यह निजी और सार्वजनिक दोनों स्थानों पर हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत और तत्काल सहायता प्रदान करता है। यह जरूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और सलाह, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता और मनोसामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं भी प्रदान करता है। आज तक, 1025 वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) को प्रशासनिक रूप से अनुमोदित किया गया है, जिनमें से 896 ओएससी देश भर में कार्यरत हैं और 655 ओएससी को महिला हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किया गया है।

इसकी शुरुआत से लेकर अब तक ओएससी के लिए जारी की गई वर्षवार निधि का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
जारी/खर्च	11.03	40.25	29.96	148.41	137.85	160.23	145.39	65.73	189.73	158.30

(घ) और (ङ): निर्भया निधि के फ्रेमवर्क के अंतर्गत गठित अधिकार प्राप्त समिति ने विदेश स्थित 9 भारतीय दूतावासों में ओएससी जैसी सुविधाएं स्थापित करने के प्रस्ताव का मूल्यांकन किया है, जिसकी कुल लागत 40.79 करोड़ रुपये है। विदेश मंत्रालय ने इस उद्देश्य के लिए दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास (सीजीआई), रियाद स्थित भारतीय दूतावास (ईओआई), सिंगापुर स्थित भारतीय उच्चायोग (एचसीआई), टोरंटो स्थित सीजीआई, दोहा स्थित ईओआई, मस्कट स्थित ईओआई, कुवैत स्थित ईओआई, बहरीन स्थित ईओआई और जेद्दा स्थित सीजीआई को धनराशि जारी कर दी है।

*****